बरेली में बनेगा कुत्तों पर शोध करने वाला देश का पहला कैनाइन सेंटर

चर्चा में क्यों?

26 जून, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली के आईवीआरआई में कुत्तों के व्यवहार और उनसे संबंधित विभिन्न बीमारियों पर अध्ययन करने के लिये जल्द ही देश का पहला कैनाइन सेंटर बनाया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), दिल्ली ने इस एडवांस रिसर्च सेंटर फॉर कैनाइन प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है।
- विदित है कि बरेली सहित देश के विभिन्न हिस्सों में अक्सर कुत्तों के काटने की खबर आती है। जाने-अनजाने में कई बार पालतू कुत्ते अपने मालिक पर ही आक्रामक हो जाते हैं। ऐसे में कुत्तों पर एक शोध केंद्र की आवश्यकता महसूस की गई, जिसमें उनके व्यवहार एवं बीमारियों पर शोध किया जा सके।
- आईवीआरआई बरेली ने एक डीपीआर बनाकर आईसीएआर दिल्ली को भेजा, जिसे मंजूरी मिल गई है। अगले दो महीने में आईवीआरआई बरेली में इस प्रोजेक्ट के लिये भवन निर्माण और अन्य कार्य शुरू हो जाएंगे।
- आईवीआरआई बरेली के रेफरल पॉली क्लीनिक के प्रभारी डॉ. अमर पाल ने बताया कि कैनाइन सेंटर में कुत्तों की आंतरिक और बाह्य संरचना पर विस्तृत शोध किया जाएगा। साथ ही, कुत्तों में कैंसर जैसी बीमारियों पर भी शोध होगा।
- कैनाइन सेंटर में सीटी स्कैन, एमआरआई, ट्यूमर, रेडियोथेरेपी, हाईटेक पैथोलॉजी आदि की सुविधाएँ होंगी। सेंटर का मुख्य केंद्र आईवीआरआई होगा और इसके तीन सब-सेंटर भी बनाए जाएंगे।
- आईवीआरआई बरेली के डायरेक्टर डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि यह सेंटर सभी सुविधाओं से परिपूर्ण होगा। यहाँ कुत्तों के ब्रीड से लेकर उनकी बीमारियों और वैक्सीन आदि पर काम होगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-1st-canine-centre-for-research-on-dogs-to-be-built-in-bareilly